जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 07.11.2024

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड पर लाए "थाना झिंझाना क्षेत्रान्तर्गत बिडौली चैक पोस्ट पर जिला पंचायत शामली का परिवहन शुल्क का ठेका लेकर शुल्क वसूलने वाले कर्मियो के ऊपर जाने से मारने की नियत से हमला करने व मारपीट करने के मामले में" वांछित अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक लोहे का पाईप चैन सैट की गिरारी लगी हुयी व एक अवैध चाकू बरामदः-

विदित हो कि दिनांक 22.08.2024 को वादी श्री नाथीराम पुत्र सुल्तान सिंह ग्राम बलवा थाना कोतवाली शामली जनपद शामली द्वारा जिला पंचायत शामली का परिवहन शुल्क का ठेका लेकर शुल्क वसूलने वाले कर्मियो के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला कर गम्भीर रुप से घायल करने के संबंध में थाना झिंझाना पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गयी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

उपरोक्त घटना में वांछित अभियुक्त रितिक उर्फ काला पुत्र सुशील निवासी ग्राम शीतलगढी थाना झिंझाना जनपद शामली दिनांक 23.10.2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष हाजिर होकर आत्मसमर्पण किया था। जिसके संबंध में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा न्यायालय से अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी के लिए पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड हेतु प्रत्यावेदन किया गया। उक्त संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा झिंझाना पुलिस को आज दिनांक 07.11.2024 को अभियुक्त रितिक उर्फ काला की पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड स्वीकृत किया गया। थाना झिंझाना पुलिस की अभिरक्षा में आये अभियुक्त रितिक उर्फ काला पुत्र सुशील को जिलाकारागार मु0नगर से पुलिस अभिरक्षा में लेकर थाने पर घटना के संबंध में पूछताछ की गई, जिसके उपरान्त अभियुक्त रितिक उर्फ काला की निशादेही पर थाना क्षेत्रान्तर्गत से एक लोहे का पाईप जिस पर मोटर साइकिल की चैन सैट की गिरारी लगी हुयी व एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। बरामदगी के संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रहे है।

नाम व पता अभियुक्तः-

1.रितिक उर्फ काला पुत्र सुशील निवासी ग्राम शीतलगढी थाना झिंझाना जनपद शामली

आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-

1.मु0अ0सं0 337/2024 धारा 190/191(2)/191(3)/115(2)/118(1)/351(3)/109(1)/117(2) बीएनएस थाना झिंझाना जनपद शामली।

अभियुक्त की निशादेही पर बरामदगी का विवरणः-

1.घटना में प्रयुक्त 01 लोहे का पाईप जिस पर मोटर साइकिल की चैन सैट की गिरारी लगी हुयी।

2.एक अवैध चाकू।

थाना कांधला पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध चरस बरामदः-

आज दिनांक 07.11.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाए जा रहे मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 300 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.शाहरुख पुत्र शाहिद जंग निवासी मौहल्ला बिजली घर रोड़ कस्बा व थाना कांधला जनपद शामली।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्तः-

1-मु0अ0सं0 141/20 धारा 13 जी एक्ट थाना कांधला जनपद शामली।

2-मु0अ0सं0 44/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कांधला जनपद शामली।

3-मु0अ0सं0-392/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

अवैध 300 ग्राम चरस।

थाना कोतवाली शामली व थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 07.11.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली व थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-

1.बिट्टु उर्फ टिंकू पुत्र ओमप्रकाश निवासी मौहल्ला पंसारियान छात्रावास के पास थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ।.

2.मदन पुत्र चंदर निवासी पिंडोरा थाना झिझाना जनपद शामली ।

थाना कांधला पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 65 पव्वे देशी शराब बरामदः-

आज दिनांक 07.11.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/चोरी, लूट, डकैती, नकबजनी, स्नैचिंग व मादक पदार्थ में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी से सम्बन्धित अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कांधला पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों को 65 पव्वे देशी शराब मिस रंगीली मार्का सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1.सलमान गाजी उर्फ सोनू पुत्र मौ तनवीर निवासी ग्राम असारा थाना रमाला जनपद बागपत

2.इमरान पुत्र यासीन निवासी ग्राम असारा थाना रमाला जनपद बागपत।

3.मोमीन पुत्र मुन्तयाज निवासी ग्राम असारा थाना रमाला जनपद बागपत।

बरामदगी का विवरणः-

1.देशी शराब के कुल 65 पव्वे मिस रंगीली मार्का।